राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
■ लखनऊ ■ नई दिल्ली ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
लखनऊ
शुक्रवार ● 26 अप्रैल ● 2024
पृष्ठ 16, मूल्य ₹ 4.00

मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देने के लिए मैनपुरी ने अपना मन बना लिया है। यहां की जनता 'मोदी की गारंटी' पर अपने मत की मुहर लगाने के लिए ठान चुकी है। इस उत्साह और स्नेह के लिए आप सभी का हार्दिक अभिनंदन!
—योगी आदित्यनाथ, सीएम

विद्यार्थियों को DNA के सम्बन्ध में दी जानकारी

लखनऊ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा बृहस्पतिवार को अन्तर्राष्ट्रीय डीएनए दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. फरजाना मांहदी, हेड, पर्सनालाइज़ड मेडिसन, इरा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने पर्सनालाइजड मेडिसन को बनाने में डीएनए की उपयोगिता को समझाया। डा. समीर सावंत ने डीएनए की खोज एवं स्ट्रक्चर पर प्रकाश डाला। डा. डीके श्रीवास्तव, निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने जैव प्रौद्योगिकी पर प्रकाश डालते हुए डीएनए के विभिन्न प्रयोग, उपयोग एवं उपचार के विषय में व्याख्यान दिया। डा. हुमा मुस्तफा, संयुक्त निदेशक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए डीएनए दिवस की उपयोगिता के संबंध में बताया। कार्यक्रम में शिव प्रसाद, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य हैं तथा उन्हें विज्ञान में होने वाली खोज, प्रचलन तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी होनी चाहिये। इस दौरान विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों के छात्रों व उनके शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर छात्रों को डीएनए के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिया।